### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरा

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 92.61 पर बंद हुआ। रुपया सुबह शुरुआती कारोबार में 17 पैसे टूटकर 92.71 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में स्थिति नाजुक बनी रहने से बाजार मजबूत रुख अपनाने के बजाय 'प्रतीक्षा करो और देखो' की स्थिति में हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.63 पर खुला।

### एक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लांच

मुंबई। एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपना नया फंड - एक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लांच किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है जो निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के घटकों में निवेश करता है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 अप्रैल को खुलेगा और 24 अप्रैल को बंद होगा। एक्सिस निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड का उद्देश्य व्यय से पहले ऐसे रिटर्न देना है जो ट्रैकिंग एरर के अधीननिफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के प्रदर्शन के बहुत करीब हों।

## भारत-अमेरिका की आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा नया व्यापार सुगमता पोर्टल

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (ईएमएस)। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ नया व्यापार सुगमता पोर्टल लांच किया है। यह पोर्टल दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और नये व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने का काम करेगा। मिस्री ने बताया कि यह पोर्टल एक सेतु का कार्य करेगा, जो मौजूदा आपूर्ति श्रृंखलाओं की निरंतरता सुनिश्चित करेगा और नये व्यापारिक अवसरों को उत्पन्न करने में मदद करेगा। पोर्टल का उद्देश्य दोनों देशों के व्यवसायियों के लिए सहयोग और संपर्क को सरल बनाना है। विदेश सचिव बुधवार से अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका में हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा सहयोग और वैश्विक घटनाक्रम जैसे मध्य पूर्व संकट पर चर्चा करेंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा - हमीरपुर**

पत्रांक सं० : 4799/न०पा०परि०मौदहा/नामान्तरण प्रकाशन/2026-27 दिनांक : 09.04.2026

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा के पत्रांक सं 4795/न०पा०परि० मौदहा / नामान्तरण प्रकाशन/2025-26 दिनांक 08.04.2026 की सूचना दैनिक आज समाचार पत्र दिनांक 09.04.2026 को प्रकाशित अंक के व्यापार पृष्ट सं० 09 मे नामान्तरण विज्ञप्ति प्रकाशित हुई है जिसमे नामान्तरण प्रकाशन के क्र०सं० 05 व 07 **(आवेदक का नाम जिसका गृहकर अभिलेखों में दर्ज होना है)** के कालम में क्र०स० 05 में अब्दुल सईद पुत्र अब्दुल रज्जाक क्र०स० 07 में अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल रज्जाक की जगह त्रुटिवश अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल रज्जाक छप गया है। जो शुद्ध नाम **क्र०सं० 05 में श्री अब्दुल सईद पुत्र अब्दुल रज्जाक व क्र०सं० 07 में अब्दुल रशीद पुत्र अब्दुल रज्जाक** का नाम पढ़ा व समझा जाये।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मौदहा हमीरपुर**


# पांच दिन की हरियाली के बाद 90 हजार करोड़ डूबे

## विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और मुनाफावसूली ने बिगाड़ा बाजार का मूड

- **सेंसेक्स 931.25 अंक गिर कर 76,631.65 पर बंद**
- **निफ्टी 222.25 अंक लुढ़क कर 23,775.10 पर बंद**

मुंबई, 9 अप्रैल (ईएमएस)। पिछले पांच दिन की तेजी के बाद गुरुवार को शेयर बाजार में फिर गिरावट हावी हो गयी। सेंसेक्स 931.25 अंक या 1.20 प्रतिशत गिरकर 76,631.65 पर बंद हुआ और निफ्टी 222.25 या 0.93 प्रतिशत गिरकर 23,775.10 पर आ गया। निफ्टी बैंक में 882 अंकों की गिरावट देखने को मिली। बीएसई मार्केट कैपिटलाइजेशन बुधवार को 445.51 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया था, लेकिन गुरूवार को घटकर 444.62 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। ऐसे में देखा जाये तो करीब 90 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। 16 खास इंडेक्स में से 11 में गिरावट दर्ज की गयी।

पिछले सत्र में 5.5 प्रतिशत की बढ़त के बाद फाइनेंस शेयरों में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट आयी। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.3 प्रतिशत की तेजी हुई, जबकि निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में क्रमशः 1.8 प्रतिशत और 1.4 प्रतिशत की गिरावट आयी। वहीं, होनसा कंज्यूमर के शेयरों में तिमाही नतीजों में मजबूत प्रदर्शन के बाद 4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बाजार की इस अचानक आयी गिरावट ने आम निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है, जिनके पोर्टफोलियो पलक झपकते ही लाल निशान में आ गये। जहां इंफोसिस, एचसीएल टेक, एलएंडटी और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे बड़े शेयरों में दो प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गयी, वहीं निफ्टी आईटी इंडेक्स भी करीब एक प्रतिशत तक टूट गया। आखिर वह कौन सी वजहें हैं जिन्होंने बाजार का मूड अचानक बिगाड़ दिया? बाजार की इस बड़ी गिरावट का पहला और सबसे अहम कारण ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीदों का कमजोर पडना है। जब दोनों देशों के बीच शांति समझौते की खबर आयी थी, तब दुनियाभर के बाजारों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन अब स्थिति फिर से उलझती दिख रही है। ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल दोनों ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है। इजराइल का लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान अब भी जारी है। इसके चलते होर्मुज जलडमरूमध्य, जो व्यापार के लिए खुलने वाला था, वह अभी भी जहाजों के लिए पूरी तरह बंद है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर समझौते का पालन नहीं हुआ, तो अमेरिकी सेना कारवाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

### विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली

चौथा बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली है। दलाल स्ट्रीट पर विदेशी निवेशक पिछले 26 सत्रों से लगातार अपने शेयर बेच रहे हैं। बुधवार को ही उन्होंने करीब 2,812 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशक खरीदारी कर रहे हैं, लेकिन विदेशी निवेशकों के इस तरह पैसा निकालने से बाजार का मनोबल टूटता है। पांचवीं वजह भारतीय रुपये की कमजोरी है। पिछले कुछ दिनों की अच्छी रिकवरी के बाद, गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 92.70 के स्तर पर आ गया।

## तेल बाजार में फिर उछाल वैश्विक सप्लाई पर चिंता

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (ईएमएस)। सीजफायर के बाद राहत की उम्मीद कर रहे तेल बाजार को नये झटके का सामना करना पड़ा है। एक दिन की गिरावट के बाद ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह अनिश्चितता मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में होर्मुज स्ट्रेट के संचालन को लेकर बनी रही। ब्रेंट क्रूड लगभग 2.86 फीसदी बढ़कर 97.46 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.56 फीसदी चढ़कर 97.77 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

- **स्ट्रेट ऑफ होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 फीसदी मार्ग**

पिछले कारोबारी सत्र में दोनों बेंचमार्क 100 डॉलर के नीचे फिसल गये थे, जिसमें डब्ल्यूटीआई ने अप्रैल 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की थी। स्ट्रेट आफ होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 फीसदी मार्ग है। ईराक, सऊदी अरब, कुवैत और कतर जैसी प्रमुख तेल उत्पादक देशों के निर्यात इसी मार्ग से होते हैं। इसलिए इस मार्ग में किसी भी बाधा से पूरी दुनिया में तेल की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। सीजफायर की घोषणा के बावजूद बुधवार को इस स्ट्रेट से केवल चार जहाज गुजर पाये। ईरान ने कहा कि वह रोजाना केवल 12 जहाजों को ही गुजरने देगा और टोल वसूलेगा, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे टोल फ्री करने का दावा किया। इस भिन्न रुख से बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हाल का तनाव अब तक के सबसे बड़े तेल संकटों में से एक बन सकता है। पहले यह तनाव कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक ले गया था, जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर था। शिपिंग कम्पनियां स्पष्टता मिलने तक आवाजाही सामान्य नहीं करेंगी, जिससे वैश्विक सप्लाई पर दबाव बना हुआ है।


**कार्यालयः- नगर पंचायत कोटरा (जालौन)**

पत्रांक- 09/न0पं0कोटरा/वा0ठे0नी0सू0/2026-26 दिनांक: 09 अप्रैल 2026

**वार्षिक ठेका नीलामी सूचना**

कार्यालय नगर पंचायत कोटरा के पत्रांक-285 / न0पं0 कोटरा/2025-26 दिनांक 16 मार्च 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये ठेका स्टैण्ड / पार्किंग शुल्क, ठेका खोवा शुल्क वसूली, ठेका सब्जी ब्यायी की वार्षिक नीलामी दिनांक 25 मार्च 2026 व 30 मार्च 2026 को निर्धारित की गई थी परन्तु निर्धारित दिनांकों में पर्याप्त प्रतिभागी न आने के कारण नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न नहीं हो सकी।

अतः पुनः वार्षिक नीलामी हेतु दिनांक 15 अप्रैल 2026, 17 अप्रैल 2026 एवं 21 अप्रैल 2026 तिथियाँ निर्धारित की जाती है यदि पुनः इन तिथियों में वार्षिक ठेके नीलाम नहीं हो पाये तो नगर पंचायत पूर्व में संतोषजनक कार्य करने वाले ठेकेदारों के पक्ष में ठेकें निष्पादित कर दिये जायेगें।

| | | |
|---|---|---|
| (राधाबल्लभ चतुर्वेदी) | (उमाकान्त सिंह) | (सियाशरण व्यास) |
| लिपिक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पंचायत कोटरा | नगर पंचायत कोटरा | नगर पंचायत कोटरा |
| जनपद जालौन | जनपद जालौन | जनपद जालौन |


## एलपीजी की आपूर्ति सुरक्षित घरेलू सिलेंडर के भाव स्थिर

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (ईएमएस)। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद भारत में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। 9 अप्रैल को घरेलू 14.2 किलो एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 913 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर 2,078.50 रुपये बनी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को हमेशा प्राथमिकता दी जा रही है। कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति संतुलित तरीके से सुनिश्चित की जा रही है ताकि घरेलू जरूरतों को पहले पूरा किया जा सके। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अब लगभग 95 फीसदी एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और 91 फीसदी डिलीवरी डीएसी के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है।

## घरेलू दवा बाजार में वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में तेजी रही

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल (ईएमएस)। भारत का घरेलू फार्मास्यूटिकल बाजार वित्त वर्ष 2026 की मार्च तिमाही में मजबूती के साथ बंद हुआ। बाजार अनुसंधान कम्पनी फार्मारैक के अनुसार, चौथी तिमाही में लगभग 10.5 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज की गयी, जो पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ऊंची है। वृद्धि में मुख्य योगदान कीमतों की बढ़ोत्तरी (5.4-5.5 फीसदी) का रहा, जबकि वास्तविक खपत में सुधार सीमित रहा, लगभग 1.7 फीसदी। मासिक डेटा में स्थिरता दिखी- जनवरी में 10.2, फरवरी में 11 (शीर्ष) और मार्च में 10.1 फीसदी। इस स्थिरता से पता चलता है कि सभी चिकित्सा क्षेत्रों में मांग मजबूत रही। विशेष रूप से पुरानी बीमारियों और स्पेशियलिटी दवाओं का योगदान लगातार वृद्धि में अहम रहा। यह संकेत है कि बाजार न केवल कीमतों पर निर्भर है, बल्कि धीरे-धीरे वास्तविक खपत में सुधार भी आ रहा है।

# सहकारिता सुधारों को जिला स्तर पर लागू करने पर जोर

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली, 9 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन से प्रेरित तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय समावेशी विकास और ग्रामीण उन्नति के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिये एक व्यापक परिवर्तनकारी एजेंडा को आगे बढ़ा रहा है। इसी दिशा में 9-10 अप्रैल को वाराणसी में दो दिवसीय सहकार से समृद्धि राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें केंद्र राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों और प्रमुख सहकारी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं ताकि प्रगति की समीक्षा की जा सके और प्रमुख पहलों के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सके। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भुटानी ने कहा कि यह अक्टूबर 2024 से देशभर में आयोजित कार्यशालाओं की श्रृंखला का सातवां आयोजन है, जो हितधारकों के बीच समन्वय, आपसी परिचय और साझा सीख को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन बैठकों ने सहयोग का एक मजबूत मंच तैयार किया है और अब समय है कि हम निर्णायक रूप से क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ें। डॉ. भुटानी ने कहा कि पिछले कार्यशालाओं में व्यापक विचार-विमर्श किया गया है। अब समय आ गया है कि इन पहलों को स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजनाओं के साथ जिला स्तर पर लागू किया जाये।

- **सहकार से समृद्धि के विजन से प्रेरित वाराणसी में राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन**

उन्होंने जोर दिया कि यद्यपि विभिन्न पहलों में उल्लेखनीय प्रगति हुई हैए फिर भी प्रदर्शन में मौजूद अंतरालों का पुनर्मूल्यांकन करनाए राज्यों के साथ समन्वय को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि लक्ष्यों का धरातल पर ठोस परिणामों में रूपांतरण हो। सहकारी बैंकिंग सुधारों के महत्व को रेखांकित करते हुए, डॉ. भुटानी ने राज्यों से ऋण स्वीकृति में तेजी लाने और वर्तमान वित्तीय चक्र के भीतर निधियों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए समन्वित प्रयास, समय पर निर्णय और निरंतर प्रतिबद्धता आवश्यक है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां प्रगति अपेक्षित गति से नहीं हो रही है।


**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! A Govt. of India Undertaking **punjab national bank** ...the name you can BANK upon ! Oriental United

मंडल कार्यालय : 59/29, बिरहाना रोड, कानपुर । ई-मेल: cs8258@pnb.co.in

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सहपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के प्रावधान 8(6) एवं नियम 9(1) के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। सर्व साधारण को सामान्य रूप से तथा ऋणियों एवं जमानतगीरों को विशेष रूप से सूचित किया जा चुका है कि प्राधिकृत अधिकारी / सुरक्षित ऋणदाता ने बन्धक/प्रभारित निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों का सांकेतिक कब्जा कर लिया है। प्राधिकृत अधिकारी ने सम्मानित ऋणियों एवं जमानतगीरों से बैंक / सुरक्षित ऋणदाता को बकाया धनराशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित तिथि को **"जो है जहाँ है", "जो है जैसे है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर बिक्री निश्चित की है। आरक्षित मूल्य व अग्रिम जमानत राशि सम्मानित ग्राहकों के खाते के समक्ष तालिका में अंकित हैं।

**प्रतिभूत आस्तियों का विवरण**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/ जमानतकर्ता के खाते का नाम व पता | बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण/ स्वामियों के नाम (सम्पत्तियों के बंधककर्ता) | ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि बी) बकाया धनराशि सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक | ए) आरक्षित मूल्य (लाख में) बी) ईएमडी सी) निविदा वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | सुरक्षित ऋणदाताओं को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा: सी.डी.ओ. ऑफिस, उन्नाव**<br>1. **मेसर्स वाई.के. ट्रेडर्स (प्रोपराइटर श्री योगेन्द्र कुमार पाण्डेय) पता**- 392/01 सिविल लाइन्स, उन्नाव<br>2. **श्री योगेन्द्र कुमार पाण्डेय** पुत्र श्री मुनेश्वर दयाल, **पता**- 392/01 सिविल लाइन्स, उन्नाव | भूमि एवं भवन स्थित भूमि सं. 4325, वार्ड नं. 14 सिविल लाइन्स, रामपुरी, परगना एवं तहसील, जिला- उन्नाव (उ.प्र.) **क्षेत्रफल**- 85.50 वर्गमी. **श्री योगेन्द्र कुमार** पुत्र मुनेश्वर दयाल के नाम दिनांक 31.10.2011 को पंजीकृत सेलडीड के अनुसार, बही नं. 1, जिल्द नं. 6575, पेज नं. 397 से 416 तक, क्रम सं. 11139, उप-निबन्धक सदर उन्नाव। **चौहद्दी- पूरब**- रोड (10 फीट) (32 फीट), **पश्चिम**- स्नेहा बाजपेयी का प्लॉट (14 फीट), **उत्तर**- रोड (15 फीट) (43 फीट), **दक्षिण**- शशि पाण्डेय का मकान (37 फीट) | ए) 24.04.2018<br>बी) रु. **18,22,109.24** (रु. अट्ठारह लाख बाइस हजार एक सौ नौ और पैसे चौबीस मात्र) सहित दिनांक 01.04.2026 से प्रभावी अग्रिम ब्याज एवं अन्य व्यय<br>सी) **20.10.2023**<br>डी) सांकेतिक | **ए) आरक्षित मूल्य** रु. 17,72,000.00<br>**बी) ईएमडी राशि** रु. 1,77,200.00<br>**सी) निविदा वृद्धि राशि** रु. 50,000.00 | 28.04.2026 दोपहर 12.00 बजे से 04.00 बजे तक | कोई ज्ञात नहीं |
| 2. | **शाखा: जल संस्थान, कानपुर**<br>1. **मेसर्स कविता ट्रेडर्स** वास्ते **प्रोपराइटर- श्री वीरेन्द्र सिंह चौहान पता**- 138, केंद्रांचल, रविदासपुरम गुजैनी, कानपुर- 208022<br>2. **वीरेन्द्र सिंह चौहान (प्रोपराइटर) पता**- 138, केंद्रांचल, रविदासपुरम गुजैनी, कानपुर- 208022<br>3. **श्रीमती कविता सिंह उर्फ भोली (बंधककर्ता) पता**- अराजी नं. 339, रविदासपुरम गुजैनी, कानपुर | भूमि व भवन स्थित अराजी नं. 339, मोहल्ला रविदासपुरम, मौजा- गुजैनी, कानपुर, **क्षेत्रफल- 102.50 वर्गमी. श्रीमती कविता सिंह उर्फ भोली** के नाम है। पंजीकृत सेलडीड दिनांक 17.12.2013, उपनिबन्धक कानपुर नगर-3 के कार्यालय में पंजीकृत बुक नं. 1, वॉल्यूम 14348, पृष्ठ सं. 357 से 406, क्रम सं. 19760 **चौहद्दी- पूरब**- अराजी का भाग, **पश्चिम**- 20 फीट = 6.10 मीटर रोड, **उत्तर**- राम कुमार का प्लाट, **दक्षिण**- चांदबाबू का प्लॉट | ए) 15.06.2022<br>बी) रु. **16,87,369.38** (रु. सोलह लाख सत्तासी हजार तीन सौ उनहत्तर और पैसे अड़तीस मात्र) सहित दिनांक 01.04.2026 से प्रभावी अग्रिम ब्याज एवं अन्य व्यय<br>सी) **05.09.2022**<br>डी) सांकेतिक | **ए) आरक्षित मूल्य** रु. 43,86,000.00<br>**बी) ईएमडी राशि** रु. 4,38,600.00<br>**सी) निविदा वृद्धि राशि** रु. 50,000.00 | 28.04.2026 दोपहर 12.00 बजे से 04.00 बजे तक | कोई ज्ञात नहीं |
| 3. | **शाखा: उन्नाव, जवाहर नगर**<br>1. **मेसर्स फ्रेश मिल्क डेयरी** मार्फत **प्रोपराइटर- श्रीमती राबिया परवीन** पत्नी श्री जमील अहमद **पता**- 169 नरेन्द्र नगर, जिला- उन्नाव- 209801<br>2. **श्रीमती राबिया परवीन** पत्नी श्री जमील अहमद **(प्रोपराइटर/ बंधककर्ता)**<br>**पता (1)** - 169 नरेन्द्र नगर, जिला- उन्नाव- 209801<br>**पता (2)** - 179 नरेन्द्र नगर, जिला- उन्नाव- 209801<br>3. **श्री जमील अहमद** पुत्र श्री घसीटे **(जमानतकर्ता/ बंधककर्ता)**<br>**पता (1)** - 08 नरेन्द्र नगर, जिला- उन्नाव- 209801<br>**पता (2)**- 179 नरेन्द्र नगर, जिला- उन्नाव- 209801 | 1. सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित मोहल्ला नरेन्द्र नगर अंदर नगरपालिका, परगना व तहसील- उन्नाव क्रम सं. 7921 दिनांक 19.09.2007, जिल्द नं. 4174, बही सं. 1, पृष्ठ सं. 199 से 218 कार्यालय उपनिबन्धक सदर, उन्नाव में पंजीकृत **क्षेत्रफल- 53.65 वर्गमी., श्रीमती राबिया परवीन** पत्नी श्री जमील अहमद के नाम है। **चौहद्दी- पूरब**- राम नरेश का मकान, **पश्चिम**- सन्तोष कुमार का मकान, **उत्तर**- गली, **दक्षिण**- जमील अहमद का मकान<br>2. सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट नं. 179, मोहल्ला नरेन्द्र नगर, तहसील- उन्नाव पंजीकृत क्रम सं. 6803 दिनांक 20.10.2004, जिल्द नं. 3128, बही सं. 1, पृष्ठ सं. 65 से 74, कार्यालय उपनिबन्धक उन्नाव में **श्री जमील अहमद** पुत्र श्री घसीटे एवं **श्रीमती राबिया परवीन** पत्नी श्री जमील अहमद के नाम पर पंजीकृत। **क्षेत्रफल- 139.24 वर्गमी. चौहद्दी- पूरब**- कुम्हार का मकान, **पश्चिम**- रोड और मन्दिर, **उत्तर**- पप्पू व अन्य का मकान, **दक्षिण**- द्वारिका धोबी का मकान<br>***इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 19.08.2025 के मूल्यांकन के अनुसार, दोनों संपत्तियों का निर्माण एक साथ किया गया है, जिसके कारण इनकी सीमाएं साझी हैं।**<br>**चौहद्दी- पूरब**- अन्य मकान, **पश्चिम**- रोड एवं पाठक जी का मकान एवं मन्दिर, **उत्तर**- अन्य मकान, **दक्षिण**- द्वारिका धोबी का मकान | ए) 09.09.2021<br>बी) रु. **19,54,611.02** (रु. उन्नीस लाख चौवन हजार छः सौ ग्यारह और पैसे दो मात्र) सहित दिनांक 01.04.2026 से प्रभावी अग्रिम ब्याज एवं अन्य व्यय<br>सी) **15.01.2022**<br>डी) सांकेतिक | **ए) आरक्षित मूल्य** रु. 29,00,000.00<br>**बी) ईएमडी राशि** रु. 2,90,000.00<br>**सी) निविदा वृद्धि राशि** रु. 50,000.00 | 28.04.2026 दोपहर 12.00 बजे से 04.00 बजे तक | कोई ज्ञात नहीं |

**ई-नीलामी बिक्री की नियम व शर्तें :-**

ब्रिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम व शर्तों तथा निम्नांकित अन्य शर्तों के अनुसार होगी।
1) सम्पत्तियों की बिक्री **"जहाँ है जैसे है", "जो है जैसे है"** एवं **"जो कुछ भी वहाँ है"** के आधार पर होगी।
2) प्राधिकृत अधिकारी को ज्ञात सूचना के अनुसार उपर्युक्त वर्णित सुरक्षित आस्तियों का विवरण सही है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी त्रुटि, गलत कथन अथवा कमी के दावे के प्रति जवाबदेह नहीं होगा।
3) बिक्री निम्नांकित ई-नीलामी प्लेटफार्म द्वारा उपलब्ध वेबसाइट https://ebkray.in, baanknet.com पर दोपहर 12.00 से सायं 4.00 बजे तक होगी।
4) बिक्री के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए देखें https://ebkray.in, baanknet.com एवं www.pnbindia.in

**सरफेसी अधिनियम 2002 के प्रावधान 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक बिक्री सूचना**

दिनांक- 10.04.2026 स्थान : कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता


## बाजार भाव






### सर्राफ

चाँदी 999 (प्रति किलो)- 243500, सिक्का (प्रति नग) लिवाल-2300, सिक्का (प्रति नग) बिकवाल-2400, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-154050, गिन्नी (प्रति नग)-114700-115200

### अनाज (प्रति कुन्तल)

गेहू दड़ा 2600-2625, आरआर-21 2700-2750 गेहू फारम 2800-2850, जौ 2250-2350, ज्वार 2100-2150, बाजरा 1900-2100, मकाई 1900-2000

### दलहन

चना 5400-5500 अरहर 7000-6800, मसूर 5650-5850, मटर 3800-3900, उड़द हरा 10800-11100, उड़द काला 5500-7000, मूंग 6000-7800

### दाल (प्रति कुन्तल)

अरहर फूल 11600-11700, अरहर स्पेशल 9700-9800, चना दाल 6800-6900 मटर दाल 4800-4900 मसूर मलका 7500-7550 मसूर दाल 7300-7400 उड़द दाल 8000-13700, उड़द धोवा 9000-11500, मूंग दाल 8000-9500, मूंगधोवा 8000-9500

### तिहलन (प्रति कुन्तल)

लाही 6700-6800 अलसी 4600-5000, अण्डी 4800-5000, तिल्ली 8000-8700 ,मूंगफली दाना शिवपुरी-8200-9800 बटाली 10000-11000, सेहूँआ 4000 -4500

### तेल (प्रति कुन्तल)

सरसों कोल्हू 14900-15000, अलसी 15000-15100, अंडी 14800-14900

### गुड़ (प्रति कुन्तल)

पंसेरा 4100-4200


**इत्तिलानामा बनाम रेस्टपाडेन्ट बाबत इत्तिला नोटिस**
**तारीख न्यायालय अपर आयुक्त (जे.) प्रयागराज मण्डल इलाहाबाद**

अपील/निगरानी C 884 वर्ष 2023 जिला-फतेहपुर रानी देवी अपीलार्थी/ निगरानीकर्ता बनाम श्रीमती सरिता देवी आदि प्रतिवादी/प्रतिवादीगण 1-श्रीमती सरिता देवी पत्नी राममवन सिंह मौजा परिहारन डेरा मजरे मवइया बिन्दकी तहसील बिन्दकी, जिला-फतेहपुर, 2- राममवन सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह निवासी ग्राम परिहारन डेरा मजरे मवइया बिन्दकी तहसील बिन्दकी, जिला-फतेहपुर,, 3-केशपाल सिंह पुत्र जगतपाल सिंह, 4-गुलाब सिंह पुत्र जगतपाल सिंह, 5- जगतपाल सिंह पुत्र महादेव सिंह समस्त निवासीगण कंसपुर गुगौली परगना व तहसील बिन्दकी, जिला-फतेहपुर, 6- ग्रामसभा जरिए ग्राम प्रधान मौजा कंसपुर गुगौली, परगना व तहसील बिन्दकी, जिला-फतेहपुर आपको सूचना दी जाती है कि तारीख 13/04/2026 को समय दस बजे अपील/निगरानी की सुनवाई हेतु नियुक्त हुआ है। यदि आप इस न्यायालय में उक्त दिवस पर स्वतः अथवा किसी वकील के द्वारा उपस्थित न रहेगें तो अभियोग की सुनवाई करके आपकी अनुपस्थित मे निरस्त कर दिया जाएगा। अधीक्षक, आयुक्त मण्डल प्रयागराज, प्रयागराज



**समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**ब अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन फतेहपुर शाकिन-फतेहपुर**

मु0नं0- 488 सन्-2021

बृजभूषण सिंह पुत्र स्व0 नन्द किशोर सिंह निवासी ग्राम मनकापुर मजरे चचीडा परगना एकडला पोस्ट सोधरापुर जिला-फतेहपुर बनाम ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी ग्राम मनकापुर मजरे चचीडा परगना एकडला पोस्ट सोथरापुर जिला-फतेहपुर हरगाह वादी ने आप प्रतिवादी ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी ग्राम मनकापुर मजरे चचीडा परगना एकडला पोस्ट सोथरापुर जिला-फतेहपुर नाम नालिश अदालत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05/05/2026 ई0 बवक्त बजे दिन 7:00 दिन के असालहन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल ऊमूख अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपके लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमल दस्तावेज पेश करे जिस पर बताईद अपनी जबाव देही के इस्तेमाल कराना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मे आपके खिलाफ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09/04/2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से (मुंसरिम) सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता झांसी डिवीजन जल संस्थान शाखा, उरई**
**अंतिम नोटिस**

**श्री अमन याज्ञिक, चतुर्थश्रेणी जल संस्थान, मुख्यालय उरई।**

पत्र संख्या 884/पी0एफ0 श्री अमन याज्ञिक, चतुर्थश्रेणी / दिनांक 09/04/2026

**विषय - अनुपस्थि रहने के संबन्ध में।**

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 2141/अधि0-2/ दिनांक 24.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त संदर्मित पत्र के माध्यम से आपको निर्देशित किया गया था कि दिनांक 24 अगस्त, 2025 से निरन्तर अनुपस्थित रहने के कारण से साक्ष्य सहित लिखित रूप में इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। किन्तु न तो आप अपनी डियूटी पर उपस्थित हुये और न ही 24 अगस्त, 2025 से निरन्तर डियूटी से अनुपस्थित रहने का कारण साक्ष्य सहित इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है। पूर्व में भी आप इसी प्रकार डियूटी से अनुपस्थित रहे हैं, किन्तु आप द्वारा भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने पर अनुपस्थित अवधि के अवकाश की स्वीकृत कर वेतन आहरित कर दिया गया था। इसके बावजूद पुनः आप किसी सूचना/अवकाश स्वीकृत कराये दिनांक 24.08.2025 से अनुपस्थित हो गये हैं। आपको अंतिम रूप से नोटिस दिया जाता है कि दिनांक 24 अगस्त, 2025 से निरन्तर बिना किसी सूचना/अवकाश प्रार्थना के अनुपस्थित रहने का कारण साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति यह मानते हुये कि आप जल संस्थान की सेवा में रहने के इच्छुक नहीं हैं, सक्षम प्राधिकारी को आपकी सेवायें समाप्त किये जाने की संस्तुति प्रेषित कर दी जायेगी, जिस हेतु आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(सोम प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता झांसी डिवीजन जल संस्थान शाखा, उरई**
**अंतिम नोटिस**

**श्री अमित कुमार रावत, पम्प आपरेटर, जल संस्थान, इकाई कालपी।**

पत्र संख्या 885/पी0एफ0 श्री अमित कुमार रावत, प0आ0/ दिनांक 09/04/2026

**विषय - अनुपस्थि रहने के संबन्ध में।**

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के अंतिम पत्रांक 2142/पी0एम0 श्री अमित कुमार रावत, प0आ0 / दिनांक 24.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करें। उक्त संदर्मित पत्र के माध्यम से आपको निर्देशित किया गया था कि दिनांक 22 अगस्त, 2025 से निरन्तर अनुपस्थित रहने के कारण से साक्ष्य सहित लिखित रूप में इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। किन्तु न तो आप अपनी डियूटी पर उपस्थित हुये और न ही 22 अगस्त, 2025 से निरन्तर डियूटी से अनुपस्थित रहने का कारण साक्ष्य सहित इस कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है। पूर्व में भी आप इसी प्रकार डियूटी से अनुपस्थित रहे हैं, किन्तु आप द्वारा भविष्य में पुनरावृत्ति नहीं किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने पर अनुपस्थित अवधि के अवकाश की स्वीकृत कर वेतन आहरित कर दिया गया था। इसके बावजूद पुनः आप किसी सूचना/अवकाश स्वीकृत कराये दिनांक 22.08.2025 से अनुपस्थित हो गये हैं। आपको अंतिम रूप से नोटिस दिया जाता है कि दिनांक 22 अगस्त, 2025 से निरन्तर बिना किसी सूचना/अवकाश प्रार्थना के अनुपस्थित रहने का कारण साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति यह मानते हुये कि आप जल संस्थान की सेवा में रहने के इच्छुक नहीं हैं, सक्षम प्राधिकारी को आपकी सेवायें समाप्त किये जाने की संस्तुति प्रेषित कर दी जायेगी, जिस हेतु आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(सोम प्रकाश)
अधिशासी अभियन्ता



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम रायबरेली**

**ई-निविदा सूचना :** वि0आ0सं0 798 दिनांकः 06.04.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1.1/EDC-1,R/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड, रायबरेली के कार्यक्षेत्र में उपखण्ड-मधुबन के अन्तर्गत जमा योजना मद में रनिंग कान्ट्रैक्ट जिसमें उपभोक्ताओं को संयोजन प्रदान करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर धनराशि रु. 7.5 हजार।

2.2/EDC-1,R/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड, रायबरेली के कार्यक्षेत्र में उपखण्ड-गोरा बाजार के अन्तर्गत जमा योजना मद में रनिंग कान्ट्रैक्ट जिसमें उपभोक्ताओं को संयोजन प्रदान करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर धनराशि रु. 7.5 हजार।

3.3/EDC-1,R/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड-त्रिपुली, रायबरेली के कार्यक्षेत्र में जमा योजना मद में रनिंग कान्ट्रैक्ट जिसमें उपभोक्ताओं को संयोजन प्रदान करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर धनराशि रू. 31.00 हजार।

4.4/EDC-I,R/2026-27, विद्युत वितरण खण्ड-महराजगंज, रायबरेली के कार्यक्षेत्र में जमा योजना मद में रनिंग कान्ट्रैक्ट जिसमें उपभोक्ताओं को संयोजन प्रदान करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर धनराशि रू. 31.00 हजार।

**ई-निविदा की अंतिम तिथिः 21 अप्रैल 2026, 16:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।